उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

पिकप भवन, तृतीय तल, विभूतिखंड, गोमती नगर,

लखनऊ

संख्या-77 /03/कम्प्यूटर अनु0(बारह)/2023/08-परीक्षा/2022

लखनऊः दिनांक-13 सितम्बर, 2023

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-08-परीक्षा/2022, सम्मिलित कनिष्ठ सहायक मुख्य परीक्षा (प्रा0 अ0 प0-2021)/08 से सम्बन्धित आयोग की आवश्यक सूचना सं0-72/03/कम्प्यूटर अनु0(बारह)/2023/08-परीक्षा/2022, दिनांक 04-09-2023 द्वारा प्रश्नगत विज्ञापन की लिखित परीक्षा के मास्टर सेट की अनन्तिम (Provisional) उत्तर कुंजी देखे जाने एवं उस पर आपत्ति दर्ज करने हेतु लिंक आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किया गया था। उल्लेखनीय है कि उक्त आवश्यक सूचना दिनांक 04-09-2023 के अनुसार आपत्ति दर्ज करने की अंतिम तिथि 13-09-2023 है।

उक्त के क्रम में सूच्य है कि आयोग द्वारा पूर्व में निर्गत लिंक में कतिपय तकनीकी बाधाओं के दृष्टिगत दिनांक 27-08-2023 को सम्पन्न लिखित परीक्षा के मास्टर सेट की अनन्तिम (Provisional) उत्तर कुंजी के सापेक्ष आपत्ति दर्ज करने की अन्तिम तिथि को दिनांक 18-09-2023 तक विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है।

उपर्युक्त के क्रम में प्रश्नगत विज्ञापन से संबन्धित समस्त अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अनन्तिम उत्तर कुंजी पर यदि उन्हें कोई आपत्ति हो तो वह आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध आपत्ति दर्ज करने सम्बन्धी नवीन लिंक *https://assessment.digitalexams.in/OFOT/PS/Account/Login* पर जाकर निम्नानुसार अपनी आपत्ति दर्ज कर सकते हैं-

1- This portal allows you to raise objections against the questions asked in the Combined Junior Assistant Mains Examination (PET-2021)/08.

2- Objections can be raised against the provisional answer keys given in the Master Question Paper published on UPSSSC website.

3- To submit objections first Login to the Objection Window by entering your registration number and roll number. Then after select the question against which objection has to be raised and register your objection.

4- Candidate will have to register his/her objection by selecting the type of objection from the dropdown menu visible in front of the respective question in the Objection Window.

5- Candidate can submit one or more than one objection and can view the Objection summary report by clicking on the “view objection summary”. Candidate can also take print of the objection summary by clicking on the print icon.

6- Candidate will have to provide the justification/reference in the corresponding “text box” provided against the objection raised.

7- Objection fee of Rs 100 per objection submitted will have to be paid by the candidate online for successful submission of objection by clicking on the option provided in the “view objection summary” tab.

आपत्तियां दर्ज करने से पहले कृपया निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढें -:

1- यह पोर्टल आपको सम्मिलित कनिष्ठ सहायक मुख्य परीक्षा (प्रा0 अ0 प0-2021)/08 में पूछे गए प्रश्नों के सापेक्ष आपत्ति दर्ज करने की सुविधा प्रदान करता है।

2- आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित किए गए मास्टर प्रश्न पत्र की औपबंधिक उत्तर कुंजी के आधार पर आपत्ति दर्ज की जा सकती है।

3- अभ्यर्थी आपत्ति दर्ज करने के लिए सर्वप्रथम अपना रजिस्ट्रेशन नंबर और रोल नंबर दर्ज कर ऑब्जेक्शन विंडो में लॉगिन करे। इसके पश्चात प्रश्न का चयन कर प्रश्न के संबंध में आपत्ति दर्ज करे।

4- अभ्यर्थी को आपत्ति दर्ज करने हेतु संबंधित प्रश्न का चयन कर ड्रॉप डाउन मेनू में दर्शित आपत्ति के प्रकार का चयन करना होगा।

5- अभ्यर्थी एक या एक से अधिक आपत्ति दर्ज कर सकते हैं एवम् "view objection summary" पर क्लिक कर आपत्ति का विवरण देख सकते हैं। अभ्यर्थी प्रिंट आइकन पर क्लिक करके आपत्ति के विवरण का प्रिंट आउट प्राप्त कर सकते हैं।

6- अभ्यर्थी को संबंधित प्रश्न पर की गई आपत्ति के समक्ष प्रदर्शित “text box” में दर्ज आपत्ति के समर्थन में विवरण /संदर्भ अंकित करना होगा।

7- प्रश्नों पर आपत्ति को सफलतापूर्वक दर्ज करने हेतु अभ्यर्थी को "view objection summary" पर उपलब्ध विकल्प पर क्लिक करते हुए ‘आपत्ति शुल्क’ के रूप में 100 रुपए प्रति आपत्ति की दर से ऑनलाइन भुगतान करना होगा।"

सम्बन्धित अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि वे उपर्युक्त लिंक के माध्यम से ही अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। अन्य किसी माध्यम से यथा- डाक/प्रत्यावेदन द्वारा उत्तर कुंजी के सम्बन्ध में दी गयी आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी। सूच्य है कि आपत्ति दर्ज करने की अन्तिम तिथि 18-09-2023 है। उक्त तिथि के उपरान्त आपत्ति दर्ज करने की सुविधा स्वतः समाप्त हो जायेगी।

परीक्षा नियंत्रक,
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।